**DAYANAND ANGLO VEDIC PUBLIC SCHOOL, AIROLI**

**FIRST TERM (2024 -25)**

**SAMPLE PAPER**

**SUBJECT – HINDI**

**STD – VIII** **MARKS -80**

---

**सामान्य निर्देशः**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं।
2. खंड ' क ' में वस्तुपरक तथा लघुउत्तरीय प्रश्न है।
3. खंड ' ख ' में अति लघुउत्तरीय प्रश्न है।
4. खड़ ' ग ' में बहुविकल्पीय तथा वर्णनात्मक प्रश्न है।
5. खड़ 'घ' लेखन कार्य पर आधारित है।
6. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

**खण्ड- ' क ' ( अपठित बोध )**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए -** **7**

मनुष्यता बौद्धिकता में निवास न करके, उसके व्यवहार में निवास करती है। व्यवहार में बौद्धिकता का समावेश तब ही हो सकता है, जब सद्बुद्धि मौजूद हो, सद्विवेक उपस्थित हो और सद्बुद्धि या सद्विवेक यथार्थ में सुमति ही है। सुमतिसंपन्न व्यक्ति को अनेक अनमोल निधियाँ प्राप्त होती है।व्यक्ति को सुमतिसंपन्न बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका उसकी शिक्षा एवं समाजीकरण निभाता है। इसी से किसी व्यक्ति के विवेकयुक्त व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उचित शिक्षा व्यक्ति को विनम्रता एवं शालीनता का पाठ पढ़ाती है और उसे स्वावलंबी बनाती है। शिक्षा ही उचित-अनुचित अच्छे-बुरे आदि में अंतर करने की दिव्य दृष्टि प्रदान करती है, जिससे व्यक्ति सही-गलत, सत्य-असत्य की पहचान कर सकने में सक्षम बनता है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा विद्यार्थियों में उच्च चारित्रिक गुणों का निर्माण करके उनमें देश एवं समाज के प्रति उदात्त भावनाओं का विकास करती है अर्थात् समाज के अन्य सदस्यों के प्रति सद्विचार उत्पन्न करती है और सुमतिसंपन्न व्यक्ति निरंतर न सिर्फ अपने व्यक्तित्व का विकास करता है, बल्कि इससे समाज एवं राष्ट्र भी प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। जब मनुष्य में सद्विवेक उत्पन्न होगा, तो वह एक-दूसरे से ईर्ष्या एवं द्वेष करना छोड़ देगा, जातीयता, सांप्रदायिकता, प्रांतीयता, अंध-क्षेत्रीयता आदि से संबंधित स्थापित संकीर्ण मान्यताओं को अस्वीकार कर सकेगा। धर्म एवं जाति की संकीर्ण कलुषित मानसिकता की जकड़न को तोड़कर वह इतना अहसास कर पाएगा कि सभी बंधनों से पूर्व सर्वप्रथम हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारे कुछ सामान्य लक्ष्य हैं, जिन्हें प्राप्त करना सभी मनुष्यों का धर्म है। इससे धर्म, सत्ता, अर्थ एवं वि-संस्कृति की अंधानुकृति के कारण लोप हो रही मानवता की पुनर्स्थापना की जा सकती है।

**प्रश्न- निम्न प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए-** **(1×3=3)**

1. कुशल बुद्धि के निर्माण में किसका महत्त्वपूर्ण योगदान है? 1

क) विनम्रता का (ख) शिक्षा का

(ग) समाजीकरण का (घ) (ख) और (ग) दोनों

2 . शिक्षा किस प्रकार समाज एवं देश की प्रगति में सहयोग करती है? 1

(i) व्यक्ति में चारित्रिक गुणों का विकास करके

(ii) समाज के अन्य व्यक्तियों के प्रति सद्भावना विकसित करके

(iii) समाज के प्रति आदर सम्मान की भावना विकसित करके कूट

3. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। कथन (A) उचित शिक्षा व्यक्ति को विनम्र व शालीन बनाती है। कारण (R) शिक्षा से व्यक्ति को उचित अनुचित का ज्ञान होता है। 1

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A), कारण (R) की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न - निम्न प्रश्नों के उत्तर दो तीन पंक्तियों में लिखिए -** **(2×2=4)**

4. व्यक्ति के विवेकयुक्त व्यक्तित्व का निर्माण किस प्रकार होता है ? 2

5. उचित शिक्षा क्या करती है ? 2

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए -** **7**

भारत के लिए लोकतंत्र को अपनाया जाना भारत के राष्ट्रीय आंदोलन व जनता की आकांक्षाओं का स्वाभाविक परिणाम था। लोकतंत्र के मूलभूत तत्त्व को समझा नहीं गया है और इसलिए लोग समझते हैं कि सब कुछ सरकार को करना चाहिए, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। लोगों में अपनी पहल से जिम्मेदारी उठाने और निभाने का संस्कार विकसित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप देश की विशाल मानव शक्ति अभी ख़र्राटे लेती पड़ी है और देश की पूँजी उपयोगी बनने के बदले आज बोझ बन बैठी है, लेकिन उसे नींद से झकझोर कर जाग्रत करना है। किसी भी देश को महान बनाते हैं, उसमें रहने वाले लोग। लेकिन अभी हमारे देश के नागरिक अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं। चाहे सड़क पर चलने की बात हो अथवा साफ़-सफ़ाई की बात हो, जहाँ-तहाँ हम लोगों को गंदगी फैलाते और अव्यवस्थित ढंग से वाहन चलाते देख सकते हैं। फिर चाहते हैं कि सब कुछ सरकार ठीक कर दे। सरकार ने बहुत सारे कार्य किए हैं, इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खोली हैं, विशाल बाँध बनवाए हैं तथा फ़ौलाद के कारखाने खोले हैं आदि बहुत सारे काम सरकार के द्वारा हुए हैं, परंतु अभी भी करोड़ों लोगों को कार्य के प्रति प्रेरित नहीं किया जा सका है। वास्तव में, होना तो यह चाहिए कि लोग अपनी सूझ-बूझ के साथ अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर खड़े हों और अपने पास जो कुछ साधन सामग्री हो उसे लेकर कुछ कार्य करना शुरू कर दें और फिर सरकार उसमें आवश्यक मदद करे। उदाहरण के लिए, गाँव वाले बड़ी-बड़ी पंचवर्षीय योजनाएँ नहीं समझ सकेंगे, पर वे लोग यह बात जरूर समझ सकेंगे कि अपने गाँव में कहाँ कुआँ चाहिए, सिचाई के लिए कौन-सा साधन सुलभ है और कहाँ पुल की आवश्यकता है। बाहर के लोग इन सब बातों से अनभिज्ञ होते हैं।

**प्रश्न- निम्न प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए-** **(1×3=3)**

1. गद्यांश के आधार पर बताइए कि लोकतंत्र का मूल तत्त्व है। 1

(क) कर्त्तव्यपालन (ख) मानव शक्ति

(ग) आंतरिक शक्ति (घ) ये सभी

2. गद्यांश के आधार पर बताइए कि किसको नींद से झकझोर कर जाग्रत करने की आवश्यकता है? 1

(क) सरकार को (ख) देश की विशाल मानव शक्ति को

(ग) लोकतंत्र को (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। 1

कथन (A) लोग सब कुछ सरकार की ही जिम्मेदारी समझते हैं।

कारण (R) लोगों में स्वयं जिम्मेदारी उठाने व निभाने का संस्कार विकसित नहीं हुआ है।

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A), कारण (R) की सही व्याख्या नहीं करता ।

**प्रश्न - निम्न प्रश्नों के उत्तर दो तीन पंक्तियों में लिखिए - (2×2=4)**

4. लोकतंत्र के मूलभूत तत्त्व क्या हैं ? 2

5. गाँव वाले क्या समझ सकेंगे,? 2

**खंड ' ख ' व्यावहारिक व्यकरण**

**3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

(क) निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार अथवा अनुनासिक का चिह्न उचित स्थान पर लगाइए- (2)

(i) बधन (ii) मुह

(iii) चचल (iv) आचल

(ख) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए- (1)

(i) स्वण (ii) भष्ट

**4. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

(क) 'ईमान' शब्द में उचित उपसर्ग जोड़कर नया शब्द बनाइए। (1)

(ख)'सद्भाव' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द बताइए। (1)

(ग) 'धन' शब्द में उचित प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए। (1)

(घ) ' घबराहट' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग कीजिए। (1)

**5. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

(क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए- (2)

(i) धरा (ii) दिन

(ख) 'साकार' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। (1)

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए- (2)

१ जिसकी उपमा न हो - २ जिनका विश्वास न किया जा सके

**6. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

(क) निम्नलिखित शब्द की संधि कीजिए- (1)

(क) एक + एक

(ख) ' पुस्तकालय' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए। (1)

**7. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

(क) रिक्त स्थान की पूर्ति करते हुए परिभाषा को पूर्ण कीजिए- (1)

जहाँ .......... की आवृत्ति होती हैं वहाँ ........ अलंकार होता है।

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताइए- (1)

नील गगन-सा हृदय शांत हो गया।

**8. निम्नलिखित वाक्य में उपयुक्त स्थान पर उचित विराम चिह्न लगाइए-** (2)

(क) मैंने आज प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब पढ़ी

ख) सीमा ने कहा मम्मी ने आपकी साड़ियाँ प्रेस करवाकर भेजी हैं

**9. उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-** (2)

(क) आज बस में किसी ने पिताजी की जेब पर ...................कर लिया।

(ख) स्वार्थी लोग अपना .................................. के लिए मित्रों को भी धोखा देने से नहीं चूकते।

**खंड-ग ( पाठ्य पुस्तक )**

**प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से छाँटकर लिखिए- 5**

हैदराबाद में सरोजिनी नायडू ने यह लेख पढ़ा और उन्हें बहुत बुरा लगा कि गाँधी जी ने अपनी पत्नी का इस तरह सबके सामने, अपने लेख में, अपमान किया। आश्रम में आकर उन्होंने गाँधी जी से अपना गुस्सा व्यक्त किया।गाँधी जी ने कहा, "सरोजिनी देवी, यह नाराज होने की बात नहीं है। मैं इसे बड़ी खुशी का दिन मानता हूँ। भगवान ने मुझे एक बड़े पाप से बचा लिया। आज मैं अपने नजदीकी रिश्तेदारों के दोष नहीं बताता, तो कल सारे आश्रम में यह बात फैल जाती और धीरे-धीरे भ्रष्टाचार हमारे सारे जीवन को खा जाता।" गाँधी जी छोटी-से-छोटी भूल के सार्वजनिक प्रायश्चित में विश्वास करते थे। इसमें वे पत्नी, पुत्र, मित्र, किसी को क्षमा नहीं करते थे।

(क) सरोजिनी नायडू गाँधी जी से गुस्सा क्यों हुई?

(i) गाँधी जी द्वारा लेख लिखने के कारण

(ii) लेख में हुए अपने अपमान के कारण

(iii) कस्तूरबा गाँधी की प्रशंसा सार्वजनिक करने के कारण

iv) गाँधी जी द्वारा कस्तूरबा गाँधी के दोष को उजागर करने के कारण

(ख) गाँधी जी के अनुसार भ्रष्टाचार को समाप्त करने का प्रथम सोपान क्या है?

(i) अपने संबंधियों के दोष छिपाना

(ii) स्वयं के दोष छिपाना

(iii) अपने दोष छिपाकर संबंधियों के दोष बताना

(iv) किसी के भी दोष को नहीं छिपाना

(ग) 'सार्वजनिक प्रायश्चित' से गाँधी जी का क्या अभिप्राय है?

(i) परिवार के साथ मिलकर क्षमा माँगना

(ii) सबके दोषों को गुप्त रूप से बताना

(iii) सबके दोषों को छिपाकर प्रायश्चित करना

(iv) सार्वजनिक रूप से दोषों को स्वीकार करके क्षमा माँगना

(घ) उपर्युक्त गद्यांश में गाँधी जी के किस सिद्धांत को उजागर किया गया है?

(i) न्याय करते समय सबको समान दृष्टि से देखना चाहिए।

(ii) समय-समय पर लेख लिखना चाहिए।

(iii) सार्वजनिक रूप से अपनों का अपमान करना चाहिए।

(iv) अपनों के दोष छिपाने चाहिए।

(ङ) गाँधी जी के लिए सबसे बड़ी खुशी का दिन कौन-सा है?

(i) पत्नी का दोष उजागर करके भ्रष्टाचार के पाप से बच जाना।

(ii) जब उन्होंने पत्नी के दोष को सार्वजनिक किया।

(iii) जब वे रिश्तेदारों के दोषों को छिपाने में सफल हुए।

(iv) सारे आश्रम में भ्रष्टाचार की बात फैल जाना।

**प्रश्न 11. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1×5=5)**

सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात।
मनौ नीलमनि सैल पर, आतप परयो प्रभात।।
जप माला छापै तिलक, सरै न एकौ काम।
मन काँचे नाचै वृथा, साँचे राँचे राम।।।

(क) भक्ति का सच्चा स्वरूप क्या है?

(i) पूजा-पाठ करना (ii) मन चंचल होना

(iii) माला जपना (iv) सच्चे हृदय से भक्ति करना

(ख) उपर्युक्त दोहे में 'आतप' से कवि बिहारी का क्या अभिप्राय है?

(i) चंद्र प्रभा (ii) सूर्य प्रभा

(iii) आपत्ति (iv) पर्वत

(ग) श्री कृष्ण के श्यामल शरीर पर पीले रंग के वस्त्र कैसे लगते हैं?

(i) सूर्यास्त की सुंदरता के समान

(ii) प्रातः कालीन सूर्य की किरणों के समान

(iii) नीलमणि पर्वत पर पड़ने वाले सूर्यास्त के प्रकाश के समान

(iv) नीलमणि पर्वत पर पड़ने वाली प्रातः कालीन किरणों के समान

(घ) 'मन काँचे नाचै वृथा' से क्या अभिप्राय है?

(i) मन की प्रवृत्ति चंचल होती है।

(ii) मन काँच के समान होता है।

(iii) मन ईश्वर के वश में नहीं रहता।

(iv) मन नियंत्रित रहता है।

(ङ) 'स्याम सलोने' किसके लिए प्रयुक्त किया गया है?

(i) राम (ii) कृष्ण

(iii) नीलमणि (iv) सूर्य

**प्रश्न 12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (2x5=10)**

1) 'असल धन' पाठ के आधार पर लिखिए कि शाह की उलझन का क्या कारण था?

2)'बातचीत की कला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए-स्वाभाविक मधुर मुस्कान सभी को आकृष्ट करती है।

3) श्रीराम राजू की किस बात ने कोया आदिवासियों को प्रेरित किया?

4) माइकल बेरी ने आमसभा में क्या कहा और क्यों?

5) कल्पना की सोच अन्य लड़कियों से किस प्रकार भिन्न में थी?

6) शाह दारा का मान - सम्मान किस प्रकार करता था?

**प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)**

(क) 'दोपहरी' कविता में गर्मी ने वृक्षों को किस प्रकार प्रभावित किया?

(ख) कवि ने 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' में पक्षियों की आकुल उड़ान में विघ्न ना डालने की बात क्यों की है?

(ग) स्वाति नक्षत्र की बूँद केला, सीप तथा सर्प के मुख में गिरकर क्या-क्या रूप धारण करती हैं?

(घ) पक्षियों के क्या अरमान है?

## खंड - घ ( रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (80-100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए (5)**

**(क) स्वच्छता : स्वस्थ रहने का मंत्र**

स्वच्छता का महत्त्व

सरकार द्वारा चलाया गया अभियान

परिवेश को स्वच्छ रखने के उपाय

**(ख) पर्व: हमारी सांस्कृतिक विरासत**

पर्व का अर्थ एवं प्रकार

जीवन में पर्वो का महत्त्व एवं जीवन मूल्य

पर्व जीवंतता के प्रतीक

**(ग) मेरी हिंदी मेरा गौरव**

भाषा का महत्त्व

वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता

**प्रश्न 15 विद्यालय के साहित्यिक क्लब के सचिव की ओर से 'काव्य पाठ प्रतियोगिता' आयोजित करवाने हेतु प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखिए। (5)**

अथवा

**आप छात्रावास में रहते हैं। विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के कारण आपकी पढ़ाई उपेक्षित नहीं होगी यह विश्वास दिलाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति हेतु अपने अभिभावक को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 16. अच्छे मतदाता के गुणों के विषय में दो मित्रों के बीच में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (5)**

अथवा

**घर के बुजुर्गों के प्रति सम्मान एवं देखभाल के विषय पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।**

**प्रश्न 17. आपके घर के निकट के पार्क में लोग गंदगी फैलाते हैं। कॉलोनी की स्वच्छता समिति के सचिव की ओर से जन-सामान्य के लिए पार्क में खाने-पीने का सामान ले जाने एवं गंदगी फैलाने संबंधी निषेधआज्ञा जारी करते हुए एक सूचना तैयार कीजिए। (5)**

अथवा

**हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में करवाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के विषय में बताते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष की ओर से सूचना लिखिए।**

........................................................................................................................................